
पौधों को पानी देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व अन्य।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना ग्रसित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने दून मेडिकल कॉलेज दून चिकित्सालय के प्राचार्य को पत्र लिखकर कोरोना (कोविड–19) के चलते देहरादून शहर में दिन–प्रतिदिन कोरोना ग्रसित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है कोरोना संक्रमितों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है जो चिंता का विषय है। इस लापरवाही को जल्द ठीक किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा कोरोना मरीजों की जान बचाई जा सके।

### एमकेपी पीजी कॉलेज में हो रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच हो

**संवाददाता** देहरादून। एमकेपी पीजी कॉलेज में वर्तमान समय में जो भ्रष्टाचार व घपला हो रहा है उसकी निष्पक्ष जांच किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड राष्ट्रीय पार्टी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है और कहा कि इस पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता हे। पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसांई के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ओर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए महादेवी कन्या पाठशाला कॉलेज में जो भ्रष्टाचार वह घपला हो रहा है उसको देखते हुए विद्यालय का प्रबंध अपने अधीन में लेंगे जिससे जिससे वहां निष्पक्ष जांच हो सके।

### 25 को भारत बन्द का विभिन्न संगठनों ने समर्थन किया

**संवाददाता** देहरादून। किसान समन्वय समिति के आह्वान पर आयोजित 25 को भारत बन्द का विभिन्न संगठनों ने समर्थन किया है। इस आश्य का निर्णय सुरेंद्र सिंह सजवाण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में लिया गया। वक्ताओं ने कहा है कि मोदी सरकार ने संसि किसान विरोधी विल पास कर किसानों का गला घोटने का कार्य किया है। विपक्ष के सुझावों को दरगकिनार करके आननफानन में बिल पास कर दिये। जिसके परिणामस्वरूप खेती किसानी बडे बडे घरानों के हवाले हो जाऐगी।

### प्रशिक्षुओं का स्वागत करेगा आईडीटीआर

**संवाददाता** देहरादून। मारुति सुजुकी और राज्य परिवहन विभाग उत्तराखंड के साथ साझेदारी में संचालित व प्रबंधित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राईविंग एवं ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) प्रशिक्षुओं का स्वागत करेगा। देहरादून में इस संस्थान ने सभी प्रशिक्षुओं व लर्नर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार विस्तृत एस ओपी का क्रियान्वयन किया। इस एसओपी में सोशल डिस्टैंसिंग एवं सैनिटेशन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी कठोर उपाय किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री डॉ. हरक सिह रावत ने झाझरा वन रेंज परिसर में उत्तराखण्ड सिटी फॉरेस्ट 'आनन्द वन' का लोकापर्ण किया

# सिटी पार्क पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगाः सीएम

**लोकापर्ण**

■ वन विभाग द्वारा प्रकृति से छेड़छाड़ किये बिना अच्छी सिटी फॉरेस्ट तैयार किया गया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं वन मंत्री डॉ. हरक सिह रावत ने झाझरा वन रेंज परिसर में उत्तराखण्ड सिटी फॉरेस्ट 'आनन्द वन' का लोकापर्ण किया। झाझरा में विकसित किये गये इस सिटी फारेस्ट में उत्तराखण्ड के विभिन्न प्रजातियों की जीव–जन्तुओं एवं प्राकृतिक दृश्यों को प्रतिकृतियों के माध्यम से दिखाया गया। इसे नेचर एजुकेशन सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के जीव–जन्तुओं एवं वनस्पतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिवस से यह सिटी फारेस्ट सेंटर आम जन के लिए खोला जायेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि झाझरा में वन विभाग द्वारा प्रकृति से छेड़छाड़ किये बिना अच्छी सिटी फॉरेस्ट तैयार किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें केवल प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया गया है। आनन्द वन में उत्तराखण्ड की उपकृति को दिखाने का अच्छा प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की जो संस्कृति ग्राम की परिकल्पना है। इसकी झलक भी लोगों को यहां पर देखने को मिले। जिसमें उत्तराखण्ड की संस्कृति, शिल्प, देवस्थानों एवं परम्पराओं के बारे में भी लोगों को जानकारी मिले। इसके बारे में जरूर विचार किया जाय, कि यहां पर उत्तराखण्ड की आंशिक झलक लोगों को देखने को मिले। उन्होंने कहा कि यह सिटी पार्क पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस सिटी पार्क पर एक लघु फिल्म बनाई जाय। एक सिटी फॉरेस्ट हल्द्वानी में विकसित किया जा रहा है। प्रकृति से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मनुष्य ने जो भी प्राप्त किया है, वह प्रकृति से सीखकर किया है। प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में उत्तराखण्ड में जल संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किये गये। 25 मई 2017 से व्यापक स्तर पर जल संचय अभियान चलाया गया। कोसी एवं रिस्पना नदी के पुनर्जीवीकरण के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।

विधायक सहदेव पुण्डीर ने कहा कि सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए झाझरा में सिटी फॉरेस्ट का बनना बड़ी उपलब्धि है। इससे क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियां भी बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सांइस सिटी भी बन रही है।

प्रमुख वन संरक्षक जयराज ने कहा कि इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगभग सवा तीन साल लगे। भारत सरकार द्वारा भी सिटी फॉरेस्ट विकसित करने के लिए राज्यों को कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है।

### सिटी फॉरेस्ट वन विभाग द्वारा समाज को एक धरोहर के रूप में सौंपा जा रहाः वन मंत्री

वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि यह सिटी फॉरेस्ट वन विभाग द्वारा समाज को एक धरोहर के रूप में सौंपा जा रहा। हल्द्वानी और ऋषिकेश में भी थीम बेस्ड सिटी पार्क बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने वन विभाग को 10 हजार लोगों को रोजगार का जो लक्ष्य दिया गया है, वह पूरा किया जायेगा। इस वर्ष कैम्पा के माध्यम से 400 करोड़ रूपये के कार्य किये जायेंगे। भारत सरकार के सहयोग से दून एवं कोटद्वार में नगर वन बनाने की योजना बनाई जा रही है। राज्य के अनेक विकासखण्डों में नेचर वन बनाने की योजना बनाई गई है। जल संवर्द्धन के साथ ग्रेविटी वाटर की दिशा में वन विभाग द्वारा कार्ययोजनाएं बनाई गई हैं।

# आयकर चोरी को रोकने एवं डाटा विश्लेषण के लिए विशेषज्ञों को रखा जाए

**बैठक**

■ शिकायतों के निस्तारण के लिए GRM पोर्टल को शीघ्र तैयार करवाया जाएः सीएस

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में वर्ल्ड बैंक द्वारा वित्तपोषित उत्तराखण्ड सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ीकरण परियोजना (Uttarakhand Public Financial Management Strengthening Project) की संचालन समिति की आठवीं बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही प्रशासनिक एवं वित्तीय



स्वीकृतियाँ प्रदान की गयी।

**राज्यकर विभाग को अपने डेटा सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकताः** मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने राज्य के टैक्स डिपार्टमेंट में टैक्स एनालिटिक्स यूनिट स्थापित करने पर स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्यकर विभाग को अपने डेटा सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि टैक्स सिस्टम को मजबूत किया जा सके और टैक्स एनालिटिक्स यूनिट विकसित की जा सके। उन्होंने कहा कि आयकर चोरी को रोकने एवं डाटा विश्लेषण के लिए ऐसे विशेषज्ञों को रखा जाए जिन्हें अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल हो।

मुख्य सचिव ने कहा कि खरीद सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण के लिए GRM पोर्टल को शीघ्र तैयार करवाया जाए। साथ ही विभागों को खरीदारी, GEM के माध्यम से करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

इस अवसर पर सचिव अमित नेगी, शैलेष बगोली एवं श्रीमती सौजन्या सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बिल से कृषको का शोषण समाप्त होगाः कृषि मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने राज्य सभा में कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सरलीकरण ) विधयेक 2020 और कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण ) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधयेक 2020 के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही लोक सभा में पारित तीनों बिलों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बिल कृषको को संरक्षण देने, बिचौलियों को समाप्त करने और कृषकों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण उपाय साबित होगा। उन्होने कहा कि जहॉ इस बिल से कृषको का शोषण समाप्त होगा वही पर कृषको को अपने उपज बेचने के लिए व्यापक अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि उक्त बिलों से कृषको की आय बढायेगी और कृषको को अपनी उपज सिमित दायरे में बेचने का बन्धन समाप्त होगा जिससे कृषक अपनी उपज अपने पसंद के अनुसार बेहतर विकल्प प्राप्त कर सकेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।